प्रेषक,

शीर्ष वरीयता/ई–मेल

सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उ0प्र0, प्रयागराज

सेवा में,

1. समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक
   उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक
   उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः गोप0/यूपीटीईटी 21/ 6338–52 /2021–22 दिनांकः 26, अक्टूबर, 2021

विषयः उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (UP-TET) 2021 हेतु केन्द्र निर्धारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश सं0 5/2021/192/अरसठ–4–2021–9(16)/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–4, लखनऊ दिनांक 15.03.2021 द्वारा निर्गत मार्गदर्शी सिद्धान्त एवं शासनादेश सं0 765/अरसठ–4–2021–9(16)/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–4, लखनऊ दिनांक 27.09.2021 द्वारा निर्गत परीक्षा कार्यक्रम का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2009 में प्राविधानित व्यवस्थाओं के क्रम में **उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (UP-TET) 2021 जनपद स्तर पर दिनांक 28 नवम्बर 2021 को सम्पादित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।** उक्त पात्रता परीक्षा का संचालन/आयोजन पूर्व की भॉति कार्यालय परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा कराया जा रहा है।

**उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (UP-TET) 2021 के निम्नवत् दो स्तर होंगे–**

- प्राथमिक स्तर (कक्षा I-V)
- उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा VI-VIII)

अभ्यर्थी अपनी अर्हता के अनुसार उक्त स्तर में से किसी एक स्तर की परीक्षा में या दोनों स्तर की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

शासनादेश दिनांक 27.09.2021 द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार **उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपदीय समिति द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 28 नवम्बर 2021** को आयोजित कराये जाने हेतु जनपदीय समिति द्वारा **परीक्षा केन्द्र का निर्धारण दिनांक 02.11.2021** तक कराकर **छात्र आंवटन सहित केन्द्रों की सूची (हार्ड एवं सॉफ्ट कापी दोनो) सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश प्रयागराज को दिनांक 08.11.2021 के पूर्व प्रेषित किया जाना अनिवार्य है। जिससे जनपदों द्वारा उपलब्ध करायी गयी परीक्षा केन्द्रों की सूची एन0आई0सी0 लखनऊ को दिनांक 09.11.2021 तक प्रत्येक स्थिति में प्रेषित की जा सके।**

उक्त् के अनुक्रम में **उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 में पंजीकरण की अंतिम तिथि 26.10.2021 के अनुसार अद्यतन् आवेदन के द्वितीय चरण (Verify) की प्रक्रिया पूर्ण कर चुके जनपदवार/परीक्षा स्तरवार परीक्षार्थियों की संख्या संलग्न कर** आपको निर्देशित किया जाता है कि **उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 के परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण दिनांक 02.11.2019 तक,** करके निम्नवत् प्रारूप पर सूचना अंग्रेजी में **MS-EXCEL** पर तैयार कर, सूचना सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0, प्रयागराज को हार्ड कॉपी तथा उसकी सॉफ्ट कॉपी कार्यालय के ई–मेल **secretarypnp.up@gmail.com** पर **दिनांक 08.11.2021 तक अनिवार्यतः** प्रेषित करने का कष्ट करें जिससे परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न हो सके।

| Sl.No. | Name of District | Name of examination centre (with full Address including Thana) | Centre code | Type of Centre (Govt./Aided/ Recognised) | Maximum number of candidates to be allotted | Phone / Mobile no. of Principal |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

**शासनादेश दिनांक 15.03.2021 के बिन्दु 13.1 में परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु निम्नवत् निर्देश दिये गये हैं –**

(i) "शिक्षक पात्रता परीक्षा–उत्तर प्रदेश" **(UP-TET)** प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं देखरेख में जनपद स्तर पर आयोजित कराई जायेगी। जनपद स्तर पर परीक्षा संचालन हेतु निम्नवत् समिति पूर्णतः सक्षम एवं उत्तरदायी होगी। इस हेतु परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण निम्नलिखित समिति द्वारा किया जायेगा :–

| | | |
|---|---|---|
| (क) | जिलाधिकारी | – अध्यक्ष |
| (ख) | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक | – सदस्य |
| (ग) | प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान | – सदस्य |
| (घ) | जिला विद्यालय निरीक्षक | – सदस्य / सचिव |
| (ड़) | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी | – सदस्य |

प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उक्त गठित समिति के निर्देशन में जनपद स्तर पर केन्द्र का निर्धारण कर परीक्षा शुचितापूर्वक सम्पन्न करायी जायेगी।

(ii) **परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण में राजकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों / महाविद्यालयों को ही परीक्षाकेन्द्र बनाया जायेगा।** जनपद में विश्वविद्यालय की उपलब्धता की स्थिति में जनपदीय समिति, विश्वविद्यालय की सहमति से विश्वविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने पर ही विचार करेगी। अपरिहार्य परिस्थितियों में ही वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों को औचित्य सिद्ध होने पर परीक्षा केन्द्र बनाया जायेगा। जनपद मुख्यालय पर स्थित अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त तथा अच्छी ख्याति के माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा आयोजन हेतु उपयोग में लाया जा सकेगा। परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण यथा सम्भव शहरी क्षेत्र में कराया जायेगा, जिससे सुरक्षा की समुचित व्यवस्था हो सके। ऐसे स्कूल एवं कालेजों को परीक्षा केन्द्र के रूप में अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी, जिनके विरूद्ध सामूहिक नकल कराये जाने एवं पेपर आउट कराये जाने आदि जैसी शिकायतें संज्ञान में आयी है।

(iii) परीक्षा केन्द्र ऐसे इण्टर कालेज / डिग्री कालेज / विश्वविद्यालय को बनाया जायेगा जो अच्छी ख्याति के हों और जिनमें पर्याप्त संस्थागत सुविधायें यथा सी0सी0टी0वी0 कैमरे / वाइस रिर्काडर युक्त, बड़े हवादार कक्षा कक्ष, पर्याप्त फर्नीचर, पंखे, पीने के पानी तथा शौचालय आदि की व्यवस्था उपलब्ध हों। परीक्षा केन्द्र में परीक्षा संचालन हेतु पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध होना आवश्यक है। सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र का प्राचार्य / प्रधानाचार्य केन्द्र व्यवस्थापक के रूप में कार्य करेगा। समिति द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु न्यूनतम 500 अभ्यर्थी आवंटित किये जायेंगे।

अतः जनपदवार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या संलग्न करते हुए आपसे अपेक्षा है कि उ0प्र0 शासन की प्रतिबद्धता एवं कार्य की महत्ता को देखते हुए उपरोक्त कार्यवाही समय के अन्दर सम्पादित कराने एवं शासनादेश में दिये गये निर्देशानुसार परीक्षायें शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने सम्बन्धी सहयोग प्रदान करते हुए समुचित प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**भवदीय,**

**संलग्नकः उक्तवत्।**

**(संजय कुमार उपाध्याय)**
**सचिव,**
**परीक्षा नियामक प्राधिकारी,**
**उ0प्र0, प्रयागराज**

**पृ0सं0 : गोप0 / यूपीटीईटी 21 / 6338-52 / 2021–22** तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

01. निजी सचिव, प्रमुख सचिव (बेसिक शिक्षा), उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
02. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

03. समस्त मण्डलायुक्त उत्तर प्रदेश।
04. महानिदेशक, स्कूली शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
05. समस्त परिक्षेत्रीय, उप पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
06. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
07. समस्त पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात करें तथा प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट को भी समुचित पुलिस बल उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही करने का कष्ट करें।
08. शिक्षा निदेशक (माध्यमिक/बेसिक) उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
09. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
10. समस्त प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश।
11. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश।
12. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
13. गार्ड फाइल।

**(संजय कुमार उपाध्याय)**
**सचिव,**
**परीक्षा नियामक प्राधिकारी,**
**उ0प्र0, प्रयागराज।**

UP TET -2021

DISTRICT WISE AND EXAM LEVEL WISE COUNT

| DISTRICTNAME | PRIMARY | UPPER PRIMARY |
|---|---|---|
| AGRA | 39901 | 26511 |
| ALIGARH | 19048 | 12910 |
| AMBEDKAR NAGAR | 26596 | 19586 |
| AMETHI (CHHATRAPATI SHAHUJI MAHARAJ NAGAR) | 7115 | 4719 |
| AMROHA (J.P. NAGAR ) | 11977 | 8339 |
| AURAIYA | 14093 | 9466 |
| AYODHYA (FAIZABAD) | 27864 | 20032 |
| AZAMGARH | 50530 | 34247 |
| BAGHPAT | 8166 | 5853 |
| BAHRAICH | 7624 | 4576 |
| BALLIA | 25584 | 16075 |
| BALRAMPUR | 3767 | 2454 |
| BANDA | 10154 | 6906 |
| BARABANKI | 14387 | 9159 |
| BAREILLY | 26060 | 18011 |
| BASTI | 18123 | 11744 |
| BIJNOR | 19160 | 13767 |
| BUDAUN | 9982 | 6292 |
| BULANDSHEHR | 11416 | 8593 |
| CHANDAULI | 9997 | 6668 |
| CHITRAKOOT | 7248 | 4511 |
| DEORIA | 17343 | 11008 |
| ETAH | 11820 | 7197 |
| ETAWAH | 15601 | 9774 |
| FARRUKHABAD | 12298 | 8238 |
| FATEHPUR | 10187 | 6848 |
| FIROZABAD | 17519 | 11241 |
| GAUTAM BUDDH NAGAR | 12961 | 9728 |
| GHAZIABAD | 22849 | 17580 |
| GHAZIPUR | 32579 | 21215 |
| GONDA | 12678 | 7863 |
| GORAKHPUR | 35874 | 26496 |
| HAMIRPUR | 4731 | 3296 |
| HAPUR (PANCHSHEEL NAGAR) | 7253 | 5559 |
| HARDOI | 15354 | 9640 |
| HATHRAS (MAHAMAYA NAGAR) | 7147 | 4294 |
| JALAUN | 17393 | 11819 |
| JAUNPUR | 43088 | 29077 |
| JHANSI | 19660 | 12714 |
| KANNAUJ | 12133 | 7810 |
| KANPUR DEHAT (RAMABAI NAGAR) | 8024 | 5249 |
| KANPUR NAGAR | 40352 | 29421 |
| KASGANJ | 6537 | 4206 |
| KAUSHAMBI | 7124 | 4713 |

EXAM DATE : 28- NOV- 2021



सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

UP TET -2021

DISTRICT WISE AND EXAM LEVEL WISE COUNT

| DISTRICTNAME | PRIMARY | UPPER PRIMARY |
|---|---|---|
| KUSHINAGAR | 10738 | 6766 |
| LAKHIMPUR KHERI | 12845 | 8241 |
| LALITPUR | 8088 | 5088 |
| LUCKNOW | 48437 | 35254 |
| MAHARAJGANJ | 11030 | 6995 |
| MAHOBA | 9914 | 6265 |
| MAINPURI | 16529 | 10351 |
| MATHURA | 21274 | 13298 |
| MAU | 31567 | 21054 |
| MEERUT | 26515 | 20349 |
| MIRZAPUR | 9226 | 5771 |
| MORADABAD | 20072 | 14752 |
| MUZAFFARNAGAR | 11016 | 8275 |
| PILIBHIT | 8333 | 5350 |
| PRATAPGARH | 22305 | 14926 |
| PRAYAGRAJ (ALLAHABAD) | 86156 | 61757 |
| RAEBAREILLY | 15676 | 10750 |
| RAMPUR | 8503 | 5311 |
| SAHARANPUR | 18679 | 13797 |
| SAMBHAL (BHEEM NAGAR) | 6829 | 4484 |
| SANT KABEER NAGAR | 8170 | 5716 |
| SANT RAVIDAS NAGAR (BHADOHI) | 9455 | 6461 |
| SHAHJAHANPUR | 13559 | 8600 |
| SHAMLI | 6765 | 4808 |
| SHRAVASTI | 3270 | 1851 |
| SIDDHARTHA NAGAR | 6059 | 3709 |
| SITAPUR | 15176 | 9537 |
| SONBHADRA | 6868 | 4173 |
| SULTANPUR | 17833 | 12015 |
| UNNAO | 11205 | 7207 |
| VARANASI | 50159 | 35677 |
| **TOTAL** | 1311548 | 893993 |

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज